>

Title**:** Need to set up a Navodaya Vidyalaya in Rampur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्रीमती जयाप्रदा (रामपुर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र रामपुर में एक भी जवाहर नवोदय विद्यालय नहीं है। इस संबंध में मैं संबंधित मंत्रालय को अनुरोध कर चुकी हूं। मेरी जानकारी में आया है कि सरकार प्रत्येक जिले में एक एक नवोदय विद्यालय खोलना चाहती है। इस संबंध में मुझे जिला प्रशासन ने बताया है कि वह इस कार्य के लिए समुचित स्थान पर भूमि दिये जाने के लिए तैयार है परन्तु केन्द्र स्तर पर इस संबंध में कार्यवाही नहीं की जा रही है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र रामपुर में एक जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना की जाये।